
# मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय (सांध्य)
# दिल्ली विश्वविद्यालय




# वार्षिक-विवरणिका

## 2021-22


Shankar

## CHAIRMAN’S MESSAGE



**Chairman - Shri Tarun Bais**

**From the Chairman’s Desk**

Let us welcome you to our College! “The broad education will transmit to one not only the accumulated knowledge of the race but also the accumulated experience of social living” - these words by Martin Luther King (1947) perfectly describe our aim at Motilal Nehru College. Beyond providing a sound education, we wish to provide our students with a holistic learning experience for life.

The core philosophy and vision of the College is to impart quality education to all, as inclusiveness is an important value for our institution. The College’s approach rests on the belief that all children can learn and reach their full potential given the opportunity, effective teaching, and appropriate resources. In its five decades of service to society, the College has endeavored to enable and strengthen all its stakeholders, especially the youth. As an established and highly esteemed constituent College of the University of Delhi, we are committed to maintaining the highest academic standard.

We firmly believe that education is the key to a nation’s progress, and we will take it as our duty to provide the best academic training for our students. Therefore we are dedicated to providing the right opportunities for our students to fulfill their ambitions and succeed in their chosen fields.

As the chairman of this prestigious College, I hope for full participation and cooperation from the management, teachers and students to achieve the mission of the College. We wish you the best!

Sincerely yours,

**Tarun Bais**
**Chairman, Governing Body,**
**Motilal Nehru College (M) & (E)**
**University of Delhi**

# प्राचार्या की ओर से



मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय (सांध्य) में आप का स्वागत है। हमारा महाविद्यालय 'बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्ध्यति।' अर्थात् बुद्धि ज्ञान से शुद्ध होती है, कथन में विश्वास रखता है। ज्ञान को परिवर्धित और परिमार्जित करने में संकाय साथी निरंतर प्रयासरत हैं। संविधान द्वारा नियत अधिकार ***शिक्षा और समानता के अवसर*** के प्रति हमारा महाविद्यालय प्रतिबद्ध है।

कोरोना महामारी के कारण बीते दो वर्ष देश और दुनिया के लिए बहुत कठिन रहे। ऐसे मुश्किल वक्त में मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय(सांध्य) परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा परियोजना (NSS) टीम का अथक प्रयास शामिल है। डॉ. पिंटू कुमार की अध्यक्षता में NSS टीम ने 'हम आपकी सेवा में हाज़िर हैं'(MLNCE Covid Help Desk) के माध्यम से कोरोना पीड़ित और प्रभावित व्यक्तियों की सुविधा और सुरक्षा का ख़्याल रखा। कोरोना महामारी के कारण Microsoft Teams की सहायता से सफलतापूर्वक ऑनलाइन कक्षाएँ तथा परीक्षाएँ आयोजित की गईं। ऑनलाइन मॉड में भी महाविद्यालय के सभी कार्य सुचारू रूप से होते रहे। इस दौरान महाविद्यालय के कई संकाय शिक्षक साथी प्रोफेसर और असोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुए।

UGC निर्देशानुसर दिनांक 17 फ़रवरी 2022 को पुनः फ़िज़िकल मोड में कक्षाएँ सुचारू रूप से आरम्भ हुईं और हमने 2021-22 के इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय की Internal Quality Assurance Cell द्वारा NAAC SSR रिपोर्ट को सफलतापूर्वक जमा किया।

मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय(सांध्य) प्रति वर्ष कई जन-जागरूकता कार्यक्रम करवाता है। इस वर्ष 2021-2022 में भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:-

*'75 करोड़ सूर्या नमस्कार प्रोजेक्ट'* के तहत सूर्य नमस्कार, *जश्न-ए -आज़ादी* का अमृत महोत्सव, सतर्कता सप्ताह (Vigilance Week, 25th November 2021 onwards), चुनाव साक्षरता दिवस (Electoral Literacy Day, 26th November), चुनाव साक्षरता कार्यक्रम (Electoral Literacy Programmes, 22nd November 2021), संविधान दिवस (Constitution Day Celebration, 26th November 2021), National Voter Day Pledge

(25th January 2022), “My vote is my future /power of one vote” (25th January 2022-15th March 2022) आदि कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए।

साथ ही विद्यार्थियों को समकालीन चुनौतियों से अवगत कराने व उनका समाधान खोजने हेतु समय-समय पर व्याख्यान, सम्मेलन, वेबीनार, वर्कशॉप, फ़िल्म-स्क्रीनिंग आदि आयोजित किए गए। इस पूरे शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में कार्यरत विभिन्न विभाग, सोसाइटीज़, एसोसिएशन, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण को बहुआयामी, सृजनात्मक और जीवंत बनाए रखा।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शैक्षणिक संकाय एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के लिए सभी का आभार। मैं, पुस्तकालय के कर्मठ साथियों का भी धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, जिन्होंने अपनी निष्ठा और लगन से पुस्तकालय को समृद्ध किया, जिस कारण कार्य एक दिन के लिए भी बाधित नहीं हुए। अंत में माननीय चेयरमैन श्री तरुण बैस (Shri Tarun Bais) का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। जिनका साथ और मार्गदर्शन ऐसे मुश्किल वक़्त में भी महाविद्यालय के साथ बना रहा।



**प्रो. विचित्रा**

**कार्यवाहक प्राचार्या**
मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय(सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय

## पुस्तकालय

इस सत्र में पुस्तकालय परामर्शदाता- समिति के संयोजक डॉ. राजेश कुमार (इतिहास विभाग ) तथा सह-संयोजक प्रो. बृज किशोर (हिंदी विभाग) हैं। पुस्तकालय का संचालन श्री राजेश हांडू (प्रशासनिक अधिकारी) की देखरेख में होता है। इनके परामर्श और सुझाव पुस्तकालय को समय-समय पर मिलते रहे हैं जिससे कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। महाविद्यालय का पुस्तकालय बहुत समृद्ध होने के साथ-साथ पूर्णत: वातानुकूलित है। इसके मुख्य द्वार पर कर्मचारियों, प्राध्यापकों और छात्रों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था है। यहाँ प्राध्यापकों के लिए अलग से पाठन एवं मंत्रणा कक्ष (टीचर रीडिंग रूम ) एवं फोटो स्टेट की व्यवस्था भी उपलब्ध है। इसमें सभी प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं आती हैं। पुस्तकालय में यू.जी.सी. द्वारा संचालित Information and Library Network Center(INFLIBNET) एवं National Library and Information Services(N-List) का नवीनीकरण भी कराया गया है। अंग्रेजी में अनेक e-Journals, Periodicals तथा एक करोड़ से अधिक ई-बुक्स उपलब्ध हैं। पुस्तक-सूची देखने के लिए प्राध्यापकों एवं छात्रों को user-id दिया गया है और इस सेवा का लाभ शिक्षक एवं छात्रों को मिल रहा है। पुस्तकालय के टीचर रीडिंग रूम में दो कंप्यूटरों की व्यवस्था है। जिसमें प्राध्यापक और विद्यार्थी OPAC द्वारा पुस्तक सर्च कर सकते हैं।

पुस्तकालय में 76,964 पुस्तकों का अनूठा संग्रह है। जिसमें वाणिज्य,इतिहास, राजनीति-विज्ञान, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर, गणित कोर्स सहित अंग्रेजी एवं हिंदी साहित्य का उत्तम संग्रह है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में 182 पुस्तकें खरीदीं गईं। पुस्तकालय स्टाफ की संख्या कम होने के बावजूद भी पुस्तकालय सेवाएं बाधित नहीं हुईं, इसके लिए समस्त कर्मचारी जिनमे विशेषरूप से रवि तिवारी, सुनीता कुमारी एवं बाबूराम धन्यवाद के पात्र हैं।

## प्रशासनिक

महाविद्यालय उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है, जोकि टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग क्षेत्रों के परिणामों से परिलक्षित हो रहा है। हमारे प्राध्यापक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान उनका उचित मार्ग-दर्शन करते हैं। नॉन-टीचिंग कर्मचारियों के योगदान से हमने महाविद्यालय में अनेकों उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। जिसमें श्री राजेश हांडू(ए. ओ. प्रशासन), श्री श्रवण कुमार (ए. ओ. अकाउंट्स), श्री राजीव दत्ता (सेक्शन ऑफ़िसर), श्री शैलेंद्र कुमार (पी.ए. प्राचार्या), दलजीत, प्रमोद, सुखराम, सुधीर एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होता रहा है। कॉलेज के विद्यार्थियों को सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए गए हैं:-

- विद्यार्थियों के लिए Admit Card बनाने की विशेष सुविधा
- महाविद्यालय में कम्प्यूटर की व्यवस्था
- विद्यार्थियों के Admission के दौरान विशेष Help Desk की सुविधा
- महाविद्यालय में Placement Cell की सुविधा
- करोना काल में राष्ट्रीय सेवा परियोजना (NSS) सुचारू रूप से कार्य कर सकें, इसके लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा
- विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन
- Remedial Classes की सुविधा
- Stress-Management और Mentoring का प्रयास
- आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का विशेष ध्यान
- विद्यार्थियों में अनुशासन एवं Ethical सोच के विकास पर ध्यान
- विद्यार्थियों में Gender Awareness के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन
- खेल-कूद के लिए विशेष सुविधा

## प्राध्यापकीय उपलब्धियाँ

महाविद्यालय में कुल 7 विभाग हैं। अर्थशास्त्र विभाग, अंग्रेजी विभाग, हिंदी विभाग, राजनीति-विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग, इतिहास विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग - इसमें 30 स्थाई प्राध्यापक, 45 तदर्थ और 4 गेस्ट प्राध्यापक कार्यरत हैं। महाविद्यालय के कई प्राध्यापक शोध-निर्देशक हैं। हर वर्ष प्राध्यापकों के लेख एवं शोध-पत्र प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं।

### अर्थशास्त्र विभाग

शैक्षाणिक सत्र 2021-22 के दौरान विभाग में कार्यरत **डॉ. अंजलि अग्रवाल** प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुईं। हमारे दो प्राध्यापक- **डॉ. प्रिया भल्ला** और **डॉ. बिष्णु चरण नाग** एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए।

- **डॉ. प्रिया भल्ला** के शोध-पत्र 'Rudiments of Gandhian Economics : Exploring a Simple Virtuous Cycle' को C.Langare और T.Beitzel द्वारा सम्पादित पुस्तक *Rethinking Mahatma Gandhi* में स्थान मिला।
  - उनका एक अन्य लेख 'Exploring the Growth in Financial Entities through the Inorganic Route : The Case of ICICI Bank' रीसर्च जर्नल *Stochastic Modelling and Applications* में प्रकाशित हुआ।
  - उन्होंने कई शोध-पत्र ऑनलाइन मॉड में प्रस्तुत किए, जैसे - दिनांक 8 दिसम्बर 2021 को *International Unequal World Conference* में 'The Path to a Corruption-free Order:Exploring the Gandhian Perspective' शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
  - दिनांक 19-20 मई 2022 में राजनीति-विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित *Revisiting the Ideas of India from 'Swaraj' to 'New India'* विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Unfolding Socio-Economic and Political Connotations by Adopting Gandhian Notion of Sarvodaya' शोध-पत्र को डॉ. पूजा शर्मा के साथ संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया।

### अंग्रेजी विभाग

इस वर्ष विभाग में कार्यरत प्राध्यापक **डॉ. प्रदीप शरण** प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुए। हमारे तीन प्राध्यापक - **डॉ. राजेश कुमार, डॉ.हेमा दहिया** और **डॉ. ज्योति जाखड़ दहिया** एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए।

- **प्रो. प्रदीप शरण** ने रिसोर्स पर्सन के रूप में *Amity Institute of English Studies and Research* में Sociolinguistic विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने रीसर्च जर्नल *Language Forum : A Journal of Language and Literature*, Vol. 47, No.2, July-December 2021 का सम्पादन किया।
- **डॉ. ज्योति जाखड़ दहिया** का शोध-पत्र ‘Transfigurations of Sita-Emancipation of Women: An Elucidation of Chitra Banerjee Divakaruni's Mythic Novel 'The Forest of Enchantments’ रीसर्च जर्नल *Language in India*, Vol.22, 5 May 2022 में प्रकाशित हुआ।
- **डॉ. सप्तर्षी चौधरी** को रामलाल आनंद महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय में ‘Age of Elizabeth and Renaissance’ विषय पर व्याख्यान देने के लिए दिनांक 22 से 27 जनवरी 2021 को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।
- **प्राध्यापक देबाशीष पराशर** की पुस्तक समीक्षा “Wrinkles from a Tabula Rasa: A Review of Gili Haimouich's 'Promised Land” साहित्यिक पत्रिका *Verseville, Issue XXXIl, August 2021* में प्रकाशित हुआ।

  विश्व के 54 कवियों सहित **देबाशीष पराशर** ने प्रख्यात मल्टीमीडिया शिल्पकार इटलो लनफ्रेडिनी की परियोजना 'Piroghe Mari' में योगदान दिया। यह परियोजना Italy में स्थित Renaissance समय के Villa Medicidel Vascello में आयोजित एग्ज़िबिशन *Traversamenti* में प्रदर्शित की गई।
- **प्राध्यापक दीपक गुप्ता** का शोध-पत्र ‘Gifted Vision and Speaking Eyes: Disabled Heroines in Tagore's Short Stories’डॉ. मुक्ता बोरा द्वारा संपादित पुस्तक *Unmasking Silence :Voices Heard and Unheard* में प्रकाशित हुआ।

  उन्होंने दिनांक 29 नवंबर से 3 दिसंबर 2021 के बीच में आयोजित *International E-Conference on Disablity Resistance* में शोध-पत्र “Interrogating Normality ; Disabled Heroines in Tagore's 'Dishtridan' and 'Subha'” प्रस्तुत किया।
- **प्राध्यापक ज़रका आदम** ने दिनांक 27 जुलाई 2022 को Georgia में आयोजित *XXIII Congress of the International Comparative Literature Association* के एक पैनल में शोध-पत्र “Revisiting Qutub-ud-Din Bakhtiyar Kaki’s ‘Sacred Geography’ along the Silk Road through Performance, Visuality and Text” प्रस्तुत किया।

## हिंदी विभाग

इस वर्ष हिंदी विभाग के तीन प्राध्यापक - **डॉ. विद्याशंकर सिंह, डॉ. बृज किशोर** और **डॉ. अश्विनी कुमार** प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए। साथ ही अन्य तीन प्राध्यापक - **डॉ. पुष्कर सिंह, डॉ. राजेश कुमारी कौशिक** और **डॉ. काना राम मीना** एशोसिऐट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए।

- **प्रो. विद्याशंकर सिंह** ने दिनांक 30 मार्च 2022 को *मुंशी प्रेमचंद शोध एवं अध्ययन केंद्र,* लम्ही, बनारस द्वारा आयोजित संगोष्ठी में 'प्रेमचंद के कथा साहित्य में सामाजिक यथार्थ' पर व्याख्यान दिया।

  उन्होंने दिनांक 7 - 8 अप्रैल 2022 को *गांधी अध्ययन केंद्र गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय*, अलवर, राजस्थान द्वारा आयोजित व्याख्यान 'महात्मा गाँधी और भारत' में वक्तव्य दिया।

  दिनांक 31 जुलाई 2022 को प्रो. विजय बहादुर सिंह द्वारा सम्पादित पुस्तक *'प्रेमचंद: एक स्मरण'* में शोध-पत्र 'रंगभूमि: ग्रामीण जीवन का दस्तावेज' प्रकाशित हुआ।

  उन्होंने हिंदी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सौ वर्ष पूर्ण होने पर काशिका पत्रिका में 'प्रो. त्रिभुवन सिंह की विचार-भूमि' लेख प्रस्तुत किया।

- **प्रो. बृज किशोर** के निर्देशन में शोधार्थी कुमारी रक्षा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से 'जायसी के काव्य में मध्यकालीन बोध के स्वरूप का अध्ययन' शोध प्रबंध (Ph.D) सम्पन्न किया।

- **डॉ.काना राम मीना** का लेख 'लोक साहित्य' *इंटरडिसिप्लिनरी जर्नल ऑफ कंटेम्परी रिसर्च*,जून Vol. 2022 में प्रकाशित हुआ।

- **डॉ. आशुतोष शर्मा** ने दिनांक 30 जून 2022 को *अपनी माटी संस्थान*, चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में शोधपत्र 'लाल पान की बेगम: संघर्षशीलता और स्वप्नपूर्ति की गाथा' प्रस्तुत किया।

  उनका एक अन्य शोधपत्र 'रीतिकालीन कवि ठाकुर के काव्य में प्रेम का स्वरूप' *ज्योतिवेदा प्रस्थानम* पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

- **प्राध्यापक प्रियंका चौधरी** का शोध-पत्र 'आलोचना दृष्टि और रिचर्ड्स का सौंदर्यशास्त्र' सितम्बर 2021 संस्करण के *शोधशौर्यम* पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

  उनका दूसरा लेख 'गोरा उपन्यास के संदर्भ में रवींद्रनाथ टैगोर की राष्ट्रीयता भावना *'National Journal of Hindi and Sanskrit Research'* में प्रकाशित हुआ।

  साथ ही एक अन्य लेख 'लोकतंत्र की विसंगतियां और रघुवीर सहाय की कविता' सहचर पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

- **प्राध्यापक हिदाम पिटर** ने थिएटर सोसाईटी रंगायम, आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 1-2 फरवरी 2022 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र 'मणिपुरी लोकनाटक सुमंग लीला' प्रस्तुत किया।

## राजनीति-विज्ञान विभाग

शैक्षाणिक सत्र 2021-22 के दौरान राजनीति-विज्ञान विभाग में छह संकाय सदस्यों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई -**डॉ. विचित्रा, डॉ. सुषमा गुप्ता, डॉ. राकेश सिन्हा, डॉ. जी.एन त्रिवेदी, डॉ. प्रहलाद कुमार बैरवा और डॉ. राधानाथ त्रिपाठी।**



- **प्रो. राकेश सिन्हा** वर्तमान में मनोनीत राज्यसभा सांसद हैं।
- **प्रो. जी.एन. त्रिवेदी** का शोध-पत्र 'Gandhi Returns: The World after Covid-19 Pandemic' *Indian Journal of PublicAdministration* के सितंबर 2021, Vol. 67, Issue 3 मे प्रकाशित हुआ।

  साथ ही, लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने *भारतीय संविधान दिवस* के उपलक्ष्य में दिनांक 27 नवंबर 2021 को आयोजित 'व्याख्यान श्रृंखला' मे प्रो. त्रिवेदी को वक्ता के रूप मे आमंत्रित किया।
- **प्रो. आर. एन. त्रिपाठी** को दिनांक 5 अक्टूबर 2021 को 'Indo Pacific Teaching Excellence Award 2021' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें *The International Multidisciplinary Research Foundation* ने 'आपदाप्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन' के लिए दिया।

  दिनांक 29 मार्च 2022 को उन्हें पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी–'भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियां और समाधान' के लिए विशेष अधिवक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

  इसी के साथ, प्रो. त्रिपाठी ने मई 2022 को ओडिशा स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी **(OSOU)** के राजनीति-विज्ञान विभाग के बी. ए. प्रोग्राम पाठ्यक्रम को सम्पादित किया।
- **डॉ. प्रमोद कुमार** को राजनीति-विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2021 को पीएच.डी. उपाधि से सम्मानित किया गया। उनकी थीसिस का शीर्षक है- 'Interrogating the Pedagogy of Exclusion:The Politics of Social Science Curriculum in select Indian Universities.'
- **प्राध्यापक दीपिका हांडा** का शोध-पत्र 'Enigma of Modernity: Emerging threats for the lives beyond Developmentality "प्रो. अनीसुर रहमान और डॉ. निहारिका तिवारी द्वारा संपादित पुस्तक *Globalization Governance and Human Rights: South Asian Experience* (2022) में प्रकाशित हुआ।

## वाणिज्य विभाग

वर्ष 2021- 2022 में तीन सहायक प्राध्यापक - **डॉ. नीलू ग्रोवर, डॉ. ओनेस्त मोहिदीन, और डॉ. रजनीश कुमार क्लेर** को एसोसिएट प्रोफेसर के पद में पदोन्नत किया गया।

- **प्राध्यापक मोनिका राजपूत** को दिल्ली विश्वविद्यालय के **वाणिज्य विभाग ने** दिनांक 21 फ़रवरी 2022 को पीएच.डी उपाधि से सम्मानित किया। उनका शोध विषय है – 'Corporate Governance and Dividend Policy : Evidence from Indian listed Firms'।

## इतिहास विभाग

इतिहास विभाग के दो प्राध्यापक - **डॉ. पिंटू कुमार** और **डॉ. हंसराज** एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए।

- **डॉ. हंसराज** की पुस्तक 'प्राचीन बौध संस्थान का सामाजिक संरक्षण' *अभिधा बुक्स* द्वारा प्रकाशित हुई। उनके अन्य शोध-लेख 'आदिवासी और उनका इतिहास' का प्रकाशन *Global Thought* पत्रिका में हुआ।
- **डॉ. राजेश** का शोध-पत्र 'Caste, Social Order and Political Category: A Comparative Study of British India and Princely States of Rajasthan' शीर्षक से *Rajasthan History Congress* के Proceedings Vol. XXXV में प्रकाशित हुआ।

  उन्होंने दिनांक 26 फरवरी 2022 को महिला पी.जी महाविद्यालय, जोधपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित संगोष्ठी *Rajasthan History Congress* के दौरान 'State, Thikanedars and the Peasants: Agrarian Relations in the Shekhawati region during 1920s-1930s' विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।


  उन्होंने दिनांक 13 अप्रैल 2022 को मोतीलाल नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी *Themes & Trends in Indian Historiography* के दुरान अपना शोध-पत्र 'Dynamics of Protest: Peasants and the Indian National Movement' प्रस्तुत किया।
- **डॉ. पिंटू कुमार** का शोध-पत्र 'Blood and Sharab: Thirsty Aboriginal Village Gods From Greater Magadha' शीर्षक से *International Journal of Research and Analytical Review*, Vol. 9 में प्रकाशित हुआ।
- **प्राध्यापक प्रेम कुमार** का शोध-पत्र 'Historical Consciousness in Natya Literature: A Study of Shudraka's Mrcchakatika' शीर्षक से *International Journal of Research in Social Sciences*, Vol.11 में प्रकाशित हुआ।
- **डॉ. विकास कुमार** ने चेतन हेम्ब्रम कुमार की पुस्तक "The History of Santhal Paragnas Santhal and Paharias" का हिंदी अनुवाद और संपादन किया। उनकी किताब का शीर्षक है - "संथाल परगना और पहाड़ियों का इतिहास"।

## शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ

### आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

- प्रो. विचित्रा (अध्यक्ष)
- प्रो. प्रहलाद कुमार बैरवा (समन्वयक)
- डॉ. पिंटू कुमार (सह-समन्वयक)

IQAC ने शैक्षणिक सत्र 2021-2022 में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के एक वर्ष पूर्ण होने के परिप्रेक्ष्य में वेबीनार आयोजित किए गए। साथ ही विभिन्न कमेटी के साथ मिल कर अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है:-





- दिनांक 2 अगस्त 2021 को IQAC ने 'The National Education Policy 2020: An Indic Perspective' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता **डॉ. शंनतेश कुमार सिंह** (राजनीति-विज्ञान विभाग, एसोसिएट प्रोफेसर, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय) थे।
- दिनांक 3 अगस्त 2021 को 'Effect of NEP on Youth Empowerment and Sport Development' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। **डॉ. कुवर चंद्रदीप सिंह** (इतिहास विभाग, एसोसिएट प्रोफेसर, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय) और **डॉ. राजीव कुमार** (इतिहास विभाग, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय) को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।
- दिनांक 4 अगस्त 2021 को 'Skill and Entrepreneurship Development: The NEP 2020 Perspective' विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ, जिसमें **डॉ पवणेश कुमार** (प्रोफेसर, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं डीन पंडित मदन मोहन मालवीय व्यवसाय एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय) मुख्य वक्ता थे।

- दिनांक 5 अगस्त 2021 को 'Indian Knowledge System & The National Education Policy 2020' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। **प्रो. रमेश चंद्र भारद्वाज** (निर्देशक, गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय) वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए।
- दिनांक 6 अगस्त 2021 को 'Holistic and Quality Education: The National Education Policy 2020' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इस विषय पर **प्रो. जे .पी दुबे** (दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने व्याख्यान दिया।
- दिनांक 10 अगस्त 2021 को 'Use of Technology in Education: The National Education Policy 2020' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इस विषय पर **डॉ. ओंकार राय** (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार में कार्यरत, डायरेक्टर-जनरल ऑफ सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडियन) ने व्याख्यान दिया।



- शारीरिक शिक्षा विभाग के सहयोग से IQAC ने स्वतंत्रता दिवस पर 'राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन' द्वारा शुरू की गई '750 मिलियन सूर्य नमस्कार परियोजना' के तहत दिनांक 31जनवरी 2022 को संकाय और छात्रों के लिए सूर्य नमस्कार सत्र का आयोजन किया।
- IQAC और Yoga and Wellness Society ने दिनांक 21 जून 2022 को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया। महाविद्यालय के खेल मैदान में योग मुद्राओं का अभ्यास करने के लिए छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।
- IQAC और NSS ने दिनांक 13 जुलाई 2022 को 'Vision & Teachings of Shri Aurobindo' पर Eager to Forge Ahead India Trust के सहयोग से व्याख्यान आयोजित किया। यह व्याख्यान भारत सरकार के ****आजादी का अमृत महोत्सव**** के तहत श्री अरविंद घोष की 150 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किया गया था। इसमें सुश्री **लिपिका रथ** और **श्री संदीप पोद्दार** द्वारा व्याख्यान दिया गया।



## अर्थशास्त्र विभाग

- दिनांक 4 अक्टूबर 2021 को ‘Role of Data Analytics in Economics’ विषय पर वेबीनार का आयोजन किया। इस सत्र में **डॉ. संध्या कृष्णन** (सह-प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग, मेघनाद देसाई अकादमी ऑफ़ इकोनॉमिक्स,मुंबई) मुख्य वक्ता थीं।



- दिनांक 30 जनवरी 2022 को ‘Can a country's Economy grow without International Trade’ विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



- दिनांक 8 से 10 मार्च 2022 के दौरान विभाग की सोसाइटी **अर्थशास्त्र** ने वार्षिक उत्सव - Erudition 22 का भी आयोजन किया। उत्सव के दौरान कई उत्साहवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए :-

BOUGETEE ESTRELLA ऑनलाइन कार्यक्रम एक बजट निर्माण प्रतियोगिता थी, जिसमे प्रतिभागियों को देश के वित्त मंत्री के रूप में बजट बनाना एवं बजट भाषण देना था। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों के सत्तर से अधिक प्रतिभागीयों ने पंजीकरण करवाया था।




FILMONOMICS कार्यक्रम के तहत प्रतिभागी टीम को संचालक द्वारा प्रदत्त किसी प्रतिष्ठित चरित्र पर कहानी लिखकर उसका मंचन करना था।




SHARK TANK कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उनकी कम्पनी में निवेश करने के लिए सामान्य जन को तैयार करना था।

### *अर्थशास्त्र* के छात्र पदाधिकारी :-

- ➢ झानवी ओझा (अध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- ➢ आयुष जैन (उपाध्यक्ष - बी.कॉम प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- ➢ खुशी जैसवाल (सचिव - बी.कॉम प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)
- ➢ अनन्या बंदूनी (कोषाध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)
- ➢ तान्या (यूनियन सलाहकार - बी.कॉम ऑनर्स, तृतीय वर्ष)
- ➢ नकुल सिंह (यूनियन सलाहकार - बी.कॉम प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)

## अंग्रेजी विभाग

- अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक सोसाइटी **THE AESTHETES** ने वार्षिक उत्सव Litbenthos-2022, का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उत्सव का विषय ‘Indian Classical Cinema: Look back in Angles’ था।






- इस वर्ष ‘The Aesthetes’ की वार्षिक पत्रिका 'The Aesthetes Literary' का विमोचन हुआ, जिसे पहली बार मानक डिजिटल संस्करण के साथ प्रिंट में भी जारी किया गया और संपादकीय टीम द्वारा चयनित बीस छात्रों की रचनाएँ प्रकाशित की गईं।



### *The Aesthetes* संयोजक मंडली के सदस्य हैं:-

- ➢ प्राध्यापक देबाशीष पराशर (संयोजक)
- ➢ प्राध्यापक प्रियंका पंवर
- ➢ प्राध्यापक ख़ुशबू अनुराधा

### *The Aesthetes* के छात्र पदाधिकारी:-

- ➢ सूवेबा अन्द्राबी (अध्यक्ष - तृतीय वर्ष)
- ➢ हर्षा उप्रेती (उपाध्यक्ष - तृतीय वर्ष)
- ➢ कार्तिक दुबे (सचिव - द्वितीय वर्ष)
- ➢ इशिका सक्सेना (संयुक्त सचिव - द्वितीय वर्ष)

## हिंदी विभाग

- हिंदी विभाग ने दिनांक 14 मार्च 2022 को हिंदी साहित्य सभा के तत्वाधान में 'हिंदी नाटक : अद्यतन प्रवृतियां' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें **प्रो. शशिधरन** (हिंदी विभागाध्यक्ष, कोच्चि विश्वविद्यालय, केरल) ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।



## राजनीति-विज्ञान विभाग

- दिनांक 10 मार्च 2022 को विभाग ने 'Ukrainian Crisis and the Future of World Order' विषय पर एक-दिवसीय ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया। जिसमें वक्ता के रूप में **प्रो. अनुराधा चिनॉय** (Centre for Russian and Central Asian Studies, School of International Studies), **श्री पिनाक आर. चक्रवर्ती** (IFS, former Diplomat) और **डॉ. राजोरशी रॉय** (Associate Fellow, Manohar Parrikar Institute for Defence Studies and Analyses) को आमंत्रित किया।



## शारीरिक शिक्षा विभाग


- दिनांक 30 जनवरी 2022 को शारीरिक शिक्षा विभाग ने ***आजादी का अमृत महोत्सव**** के अवसर पर '75 Crore Surya Namaskar Project' के तहत सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम NSS के सहयोग से पूर्ण हुआ।
- दिनांक 21 जून 2022 को NSS के सहयोग से महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।






## वाणिज्य विभाग

- दिनांक 15 जनवरी 2022 को वाणिज्य विभाग ने 'Career As A Company Secretary' विषय पर आजीविका परामर्श-सत्र का आयोजन किया। इस सत्र को सफल और उपयोगी बनाने में छात्रों की अहम भूमिका रही।
- दिनांक 27 जनवरी 2022 को 'Investing In Stock Market- Learning Through Stock mind' विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया ताकि छात्रों को शेयर बाजार की बारीकियों और बुनियादी बातों को समझने में मदद मिल सके। इस कार्यक्रम में छात्र संघ की बडे पैमाने पर भागीदारी भी देखी गई। यह छात्र संघ एवं संकाय दोनों के लिए एक बेहतरीन अनुभव था।



## इतिहास विभाग

- इतिहास विभाग की 'सभ्यता सोसाइटी' (Sabhyata Society) ने दिनांक 26 जुलाई 2022 को अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता को जज करने के लिए **डॉ. अजीत कुमार** (आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज डी.यू.) को आमंत्रित किया।

### *सभ्यता* सोसाइटी के पदाधिकारी:-

- कुमुद (अध्यक्ष - तृतीय वर्ष)
- कुंदन(उपाध्यक्ष - तृतीय वर्ष)
- ओम प्रकाश(सचिव - द्वितीय वर्ष)
- भानुप्रिया (सेंट्रल काउंसलर - प्रथम वर्ष)

## केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (Central Placement Cell)

- IQAC के साथ केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने लिंगो गुरू (Lingo Guru) समूह के सहयोग से 'Career in German Language' पर एक ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया। इस वार्ता में अतिथि वक्ता लिंगो गुरु के सी.ई.ओ.(C.E.O.) **श्री मनोज भाटिया** थे। यह कार्यक्रम दिनांक 11 अप्रैल 2022 को आयोजित किया गया था और छात्रों की ज्यादा उपस्थिति के साथ केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (Central Placement Cell) की यह एक बड़ी सफलता थी।

# सांस्कृतिक गतिविधियाँ

इस शैक्षणिक सत्र में छात्र सोसाइटी द्वारा संचालित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम निम्न है:-

## आईरिस: कला और साहित्यिक सोसाइटी
## (IRIS: The Art and Literary Society)

**IRIS** महाविद्यालय की कला और साहित्यिक सोसाइटी है। इसमें विद्यार्थियों के कविता लेखन, चित्रकला, फोटोग्राफी आदि कलात्मक-साहित्यिक अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाता है। IRIS जेंडर समानता में विश्वास रखता है - सोसाइटी के विभिन्न कार्यक्रमों में लड़के और लड़कियां दोनों समान रूप से उत्साह से भाग लेते हैं।

- IRIS ने सत्र 2021-22 के लिए दिनांक 5 जनवरी 2022 को अपने वार्षिक ऑडिशन 'Aspiron 3.0' का आयोजन ऑनलाइन मॉड में किया।

- IRIS ने इस दौरान कई कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस शैक्षणिक सत्र में सोसाइटी ने दिनांक 15 जनवरी 2022 को चित्रकार **जैस्मीन** के साथ एक ऑनलाइन Oil Painting Workshop का आयोजन किया।
- दिनांक 23 जनवरी 2022 को Google मीट प्लेटफॉर्म पर कवि **ऋषभ कुमार** (पूर्व छात्र) द्वारा सृजनात्मक लेखन कार्यशाला "लिखावट" का आयोजन किया गया।




- दिनांक 23 फरवरी 2022 को IRIS ने ***75 वीं आज़ादी का अमृत महोत्सव*** के अवसर पर एक ऑनलाइन इंटर-कॉलेज द्विभाषिक प्रतियोगिता ***जश्न-ए-आज़ादी**: ओपन माइक* का आयोजन किया।
- दिनांक 7 और 8 मार्च 2022 को IRIS की वार्षिक कला प्रदर्शनी- ***रंगशाला*** आयोजित की गई।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न कला रूपों को एक मंच देना और छात्रों को कलात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम छात्र सोसाइटी- 'चित्रग्राहिनी' (फ़िल्म और फ़ोटोग्राफ़ी सोसाइटी) के साथ मिलकर आयोजित किया गया।

इस आयोजन में ड्रोन जैसी कई आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया । विद्यार्थियों ने विभिन्न लोक कलाओं (जैसे कुमांउनी, वार्लि एवं मंडला), लैंड्स्केप,पोर्ट्रेट एवं विभिन्न आधुनिक कलाओं जैसे डिजिटल और एनिमेशन आदि का प्रदर्शन किया।

### *IRIS* संयोजक मंडली के सदस्य:-

- प्राध्यापक देबाशीष पराशर (संयोजक)
- प्राध्यापक संजीव रंजन (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक सुजित कुमार (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक ज़रक़ा आदम (परामर्शदाता)

### *IRIS* के छात्र पदाधिकारी:-

- माद्री त्रिपाठी (अध्यक्ष -(बी.ए. ऑनर्स इतिहास विभाग, तृतीय वर्ष)
- हर्षा उप्रेती (उपाध्यक्ष- बी.ए. ऑनर्स, अंग्रेजी विभाग, तृतीय वर्ष)
- तुईशा गुप्ता (सचिव- बी.कॉम. ऑनर्स, तृतीय वर्ष)
- आरती भटनागर (संयुक्त सचिव- बी.ए. ऑनर्स अंग्रेजी विभाग, द्वितीय वर्ष)
- स्तुति श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष- बी.ए. प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)

## चित्रग्रहिनी: फ़िल्म और फ़ोटोग्राफ़ी सोसाइटी
## (CHITRAGRAHINI: The Film & Photography Society)

- इस वर्ष **Chitragrahini** ने IRIS सोसाइटी के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए।
- दिनांक 11 मार्च 2022 को चित्रग्रहिनी सोसाइटी ने अम्बेडकर स्टडी सर्किल के सहयोग से भारत की ***75 वीं आज़ादी का अमृत महोत्सव*** को चिह्नित करने के लिए फिल्म-**'जय भीम'** पर वरिष्ठ पत्रकार **डॉ. दिलीप सी. मंडल** को परिचर्चा के लिए आमंत्रित किया।




### *चित्रग्रहिनी संयोजक मंडली के सदस्य:-*

- प्राध्यापक सरिता भोई (संयोजक)
- प्राध्यापक सुजित कुमार (परामर्शदाता)
- डॉ. मोनिका (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक नरेंद्र (परामर्शदाता)

### *चित्रग्रहिनी के छात्र पदाधिकारी:-*

- भावना भारद्वाज (अध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- आयुष वर्मा (उपाध्यक्ष- बी.कॉम प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- तनुष्का बडोरिया (सचिव - बी.ए. ऑनर्स इतिहास विभाग, तृतीय वर्ष)
- संजय रावत (संयुक्त सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- आर्यन गुप्ता (कोषाध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष )

## अल्फ़ाज: वाद-विवाद सोसाइटी
## (Alfaaz: The Debating Society)

- **Alfaaz सोसाइटी** ने दिनांक 5 सितम्बर 2022 को JAM (Just a Minute) ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया।
- सोसाइटी ने दिनांक 29 जनवरी 2022 को इंटर-कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।




- सोसाइटी ने दिनांक 11 मार्च 2022 को Gender Champions Club के सहयोग से इंटर-कॉलेज वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

***अल्फ़ाज संयोजक मंडली के सदस्य:-***

- प्राध्यापक निशांत शर्मा (संयोजक)
- डॉ. अनुराधा गोस्वामी (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक रविंद्र (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक दीपिका हांडा (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक ख़ुशबू अनुराधा (परामर्शदाता)

***अल्फ़ाज के छात्र पदाधिकारी:-***

- स्तुति साहने (अध्यक्ष - बी.ए. ऑनर्स राजनीति-विज्ञान विभाग, तृतीय वर्ष)
- शिवम खरबन्दा (उपाध्यक्ष - बी.कॉम प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- हेमंत सिंह (सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष )
- मुबाशिर खान (संयुक्त सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)

## ग्रेविटी: नृत्य सोसाइटी (Gravity: The Dance Society)

- **Gravity सोसाइटी** ने ऑनलाइन मोड में प्रथम वार्षिक ऑडिशन का आयोजन किया एवं महाविद्यालय के खुलने पर ऑफलाइन मोड में वार्षिक ऑडिशन का आयोजन किया।
- ****आजादी का अमृत महोत्सव**** के उपलक्ष पर दिनांक 11 मार्च 2022 को जुबली ग्राउंड में ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया।



***Gravity संयोजक मंडली के सदस्य:-***

- डॉ.रेणु वर्मा (संयोजक)
- प्राध्यापक ईष्टा वोहरा (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक प्रियंका पंवार (परामर्शदाता)
- प्राध्यापक ख़ुशबू अनुराधा (परामर्शदाता)

***Gravity के पदाधिकारी:-***

- मानवी भारद्वाज (अध्यक्ष - बी.कॉम. ऑनर्स, तृतीय वर्ष)
- दीपशी मलिक (उपाध्यक्ष - बी.ए. ऑनर्स अंग्रेजी विभाग, द्वितीय वर्ष)

- ➢ रोहित सतवाली (सचिव - बी.कॉम. ऑनर्स, तृतीय वर्ष)
- ➢ तृप्ति (संयुक्त सचिव - बी.ए. ऑनर्स अंग्रेजी विभाग, द्वितीय वर्ष)
- ➢ ख़ुशी सिंगला (संयुक्त सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, प्रथम वर्ष)

## अस्तित्व: नाट्य सोसाइटी
## (Astitva: The Theatre Society)

- कोरोना महामारी के दौरान सत्र 2020-2021 में **अस्तित्व** ने दिल्ली और अन्य प्रादेशिक छात्रों के लिए ऑनलाइन ओडिसन का आयोजन किया। इसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया।
- ***आजादी का अमृत महोत्सव*** के उपलक्ष्य मे दिनांक 15 मार्च 2022 को प्रो. जी. एन. त्रिवेदी के निर्देशन में उनके द्वारा लिखित नाटक 'देश, काल और जीवन' का मंचन किया गया। प्राध्यापक दीपिका हंडा इस नाटक की सह-निर्देशक थीं।




- अस्तित्व ने दिनांक 5-6 मई 2022 को हिंदी के प्रसिद्ध नाटक 'टूटते परिवेश' को Black Pearl Arts Roof Theatre, Delhi में मंचित किया।




- अस्तित्व ने जुलाई और अगस्त के महीनों में DAV Police Government School तथा Amity International School में नुक्कड़ नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया। इस मंचन का मुद्दा **'बच्चों का संरक्षण अधिनियम'** (Protection of Children from Sexual Offences Act) एवं बाल उत्पीड़न के प्रति जन चेतना का प्रसार करना था।

### *अस्तित्व संयोजक मंडली के सदस्य:-*

- ➢ प्राध्यापक दीपिका हंडा (संयोजक)
- ➢ प्रो. जी.एन. त्रिवेदी (परामर्शदाता)
- ➢ प्राध्यापक ईष्टा वोहरा (परामर्शदाता)
- ➢ प्राध्यापक संदीप टोकस (परामर्शदाता)

### *अस्तित्व के छात्र पदाधिकारी:-*

- ➢ शिवम् यादव (अध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- ➢ स्वेच्छा चौधरी (उपाध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)

## फ्यूजन: संगीत सोसाइटी
## (Fusion: The Music Society)

- महाविद्यालय के छात्रों में संगीत के प्रति रुचि जगाने हेतु **Fusion सोसाइटी** ने दिनांक 7-8 मार्च 2022 को एक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे छात्रों ने संगीत की विभिन्न शैलियों को प्रदर्शित किया, जैसे – बीट बॉक्सिंग (beatboxing), सोलो और ग्रुप गायन (solo and group performances), डोएटस् (duets) आदि।



- ***आजादी का अमृत महोत्सव**** के उपलक्ष मे दिनांक 8 मार्च को सोलो और ग्रुप गायन(solo and group singing) कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



- दिनांक 9 मार्च 2022 को फ्यूज़न ने सत्र 2021-22 के लिए अपना पहला ऑफलाइन ऑडिशन भी आयोजित किया।

### *Fusion* संयोजक मंडली के सदस्य:-

- प्राध्यापक अशोक कुमार चौहान (संयोजक)
- डॉ. रेणु वर्मा (परामर्शदाता)
- डॉ. नरेश कुमार टांक (परामर्शदाता)
- डॉ. भारती देवी (परामर्शदाता)


### *Fusion* के छात्र पदाधिकारी:-

- मान्या शर्मा (अध्यक्ष - बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- वैष्णवी शुक्ला (सचिव - बी.कॉम प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)
- गीतिका शर्मा (संयुक्त सचिव- बी.कॉम प्रोग्राम, प्रथम वर्ष)

## सामाजिक समावेशन– विस्तार एवं गतिविधियाँ

### अम्बेडकर स्टडी सर्किल (Ambedkar Study Circle)

- IQAC के सहयोग से अंबेडकर स्टडी सर्किल ने दिनांक 29 नवंबर 2021 को ‘Indian Constitution: Contemporary Challenges’ पर ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया। इस वार्ता में **प्रो.एन. सुकुमार** (राजनीति-विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) मुख्य वक्ता थे।
- अंबेडकर स्टडी सर्किल ने दिनांक 6 दिसम्बर 2021 को वरिष्ठ पत्रकार **श्री उर्मिलेश** द्वारा ‘Idea of India: Ambedkar’s Perspective’ पर ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया।




- दिनांक 11 मार्च 2022 को अंबेडकर स्टडी सर्किल ने भारत की ***आजादी के अमृत महोत्सव*** को चिह्नित करने के लिए फिल्म- **‘जय भीम’** पर वरिष्ठ पत्रकार **डॉ. दिलीप सी. मंडल** को परिचर्चा के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन **चित्रग्रहिनी सोसाइटी** के सहयोग से हुआ।

#### *अम्बेडकर स्टडी सर्किल के सदस्य:-*

- प्राध्यापक प्रेम कुमार (संयोजक)
- प्रो.अश्विनी कुमार
- प्रो.अंजलि अग्रवाल
- डॉ. रजनीश क्लेर
- प्राध्यापक सुजीत कुमार
- प्राध्यापक अशोक कुमार चौहान
- डॉ. प्रमोद कुमार
- डॉ. रेणु कुमारी वर्मा
- प्राध्यापक सरिता भोई
- डॉ.अनुराधा गोस्वामी
- डॉ. सप्तर्षि चौधरी

## गांधी स्टडी सर्किल (Gandhi Study Circle)

- गांधी स्टडी सर्कल और NSS इकाई के तत्वाधान में दिनांक 2 अक्टूबर 2021 को वेबीनार और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'Gandhi and Environment Movement' था। इस व्याख्यान मे **डॉ. प्रिया रंजन कुमार** (सहायक प्राध्यापक , सेंटर फॉर गाँधीयन थॉट एण्ड पीस स्टडीस, गुजरात विश्वविद्यालय) को मुख्य वक्तव्य के लिए आमंत्रित किया गया।





### *गांधी स्टडी सर्किल के सदस्य:-*

- ➢ डॉ. काना राम मीना (संयोजक)
- ➢ प्रो. जी.एन. त्रिवेदी
- ➢ प्रो. अंजली अग्रवाल
- ➢ प्राध्यापक संजीव रंजन
- ➢ प्राध्यापक दीपिका हंडा
- ➢ प्राध्यापक ईष्टा वोहरा
- ➢ प्राध्यापक संदीप टोकस
- ➢ प्राध्यापक अमित कुमार
- ➢ डॉ. भारती देवी

## जेंडर चैंपियन क्लब (Gender Champion Club)

- ➢ *नोडल अधिकारी* – डॉ. नीलू ग्रोवेर

- जेंडर चैंपियन क्लब के छात्र सदस्यों द्वारा दिनांक 6 फरवरी से 16 फरवरी 2022 के बीच एक प्लेज कैम्पैन (शपथ अभियान) चलाया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को हाशिये के जेंडर के प्रति बेहतर सामाजिक स्वीकारोक्ति के लिए जागरूक बनाना था।


Hello everyone!

**Gender Champion Club (an initiative under the directives and guidelines of Ministry of Women and Child Development)** of Motilal Nehru College (Eve.), University of Delhi brings this **Pledge Campaign** where we are trying to bridge the gap between the reality and the social norms and trying to put a minute effort to spread awareness of these critical issues.

**Aim:** To make students and every other citizen socially aware and broaden their horizons in becoming a better and more accepting person towards marginalised genders.

**Background:** Even in our day to day life we see social evils like people getting shamed for their body, women facing hurdles in every step of their life, transgender and gender fluid people being shamed and the queer community being unaccepted by large part of the society. These people tend to do low paying jobs or are even trafficked in different places of the world

So let us today say that we will abide by these pledges and let people know the importance of each life.
**We invite you all to fill this form to take the pledge contributing to the cause of gender equality.**

**Deadline:** 16th February, 2022. (11:00 P.M.)

**The pledge that we propose has the following link:**
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScsXoJHX4Da28hTCQISP-Zhfk6ETNYAtrbVId8cJWwUo9415Q/viewform

For further queries, you can text us on Instagram @gc.mlnce
18:29

- जेंडर चैंपियन क्लब ने दिनांक 11 मार्च 2022 को 'Nature vs Nurture: A queer household' विषय पर अंतर-महाविद्यालय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- इसी के साथ, जेंडर चैंपियन क्लब ने अल्फाज के सहयोग से 11 मार्च 2022 को ‘Parenting by homosexual couples may hinder the holistic development of a child’ विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित कराई।















## जेंडर संसिटिजेशन सोसाइटी (Gender Sensitisation Society)

- National Girl Child Day’ के अवसर पर जेंडर संसिटिजेशन सोसाइटी द्वारा दिनांक 24-27 फ़रवरी 2022 को ‘**बेटियाँ हैं, अब उड़ने दो’** विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




- दिनांक 8 मार्च 2022 ‘अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस’ के अवसर पर ‘Should 1/3rd seats be reserved for Women in the Indian Parliament and state Legislatures?’ ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### जेंडर सेंसिटिजेशन सोसाइटी के संयोजक सदस्य:-

- प्रो. सुषमा गुप्ता (संयोजक)
- प्रो. प्रह्लाद बैरवा
- प्रो. अंजली अग्रवाल
- प्राध्यापक ईष्टा वोहरा
- प्राध्यापक दीपिका हांडा

## राष्ट्रीय सेवा परियोजना (National Service Scheme)

- *प्रोग्राम अफ़सर* – डॉ पिंटू कुमार

- राष्ट्रीय सेवा परियोजना द्वारा मई 2020 में शुरू की गई ***कोविड हेल्पलाइन सेवा*** की सुविधा इस वर्ष भी सक्रिय रही। इसके माध्यम से समय-समय पर जरुरत मंद कोविड पीड़ितों को सहायता पहुँचाई गई।




- महाविद्यालय के फिर से खुलने के पहले दिन (दिनांक 17 फरवरी 2022) को NSS इकाई के छात्रों ने मास्क वितरित किया और मुख्य द्वार पर हाथ धोने एवं सेनिटाइज़र इस्तमाल करने की व्यवस्था की। NSS वोलंटीयर द्वारा नवआगडंक छात्रों का शारीरिक तापमान भी जाँचा गया।

- दिनांक 23 मार्च 2022 ***शहीद दिवस*** के अवसर पर NSS इकाई के छात्रों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रति सेवा की प्रतिज्ञा ली।




- NSS ने अन्य समितियों के साथ जुड़कर कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जैसे-
  - NSS और गांधी स्टडी सर्किल ने संयुक्त रूप से *गाँधी जयंती * (2 October 2021) के अवसर पर 'गांधी और पर्यावरण आंदोलन' विषय पर वेबिनार और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की।

- NSS और शारीरिक शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से ***आजादी का अमृत महोत्सव*** के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2022 को '75 Crore Surya Namaskar Project' के तहत महाविद्यालय प्रांगण में 'सूर्य नमस्कार कार्यक्रम' का आयोजन किया।
- इसी के साथ दोनों ने संयुक्त रूप से दिनांक 21 जून 2022 को महाविद्यालय खेल-मैदान(कॉलेज प्ले-ग्राउंड) में **अंतराष्ट्रीय योग दिवस** मनाया।
- NSS और IQAC ने संयुक्त रूप से दिनांक 13 जुलाई 2022 को 'श्री अरविंद की दृष्टि और शिक्षाएं ' पर Eager to Forge Ahead India Trust के सहयोग से व्याख्यान आयोजित किया। यह व्याख्यान भारत सरकार के *आज़ादी का अमृत महोत्सव* के तहत श्री अरविंद घोष की 150 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किया गया था।

- NSS Volunteers दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं-
  - दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 1 मई 2022 को आयोजित Centenary Foundation Day कार्यक्रम में NSS के Volunteers और संकाय सदस्यों ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।






  - दिनांक 3 जून 2022 को Ministry of Youth and Sports welfare (MOYAS) ने नेशनल स्टेडियम, इंडिया गेट पर 'साइकिल रैली' का आयोजन किया, इसमें महाविद्यालय के NSS इकाई ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया।

## नार्थ-ईस्ट सेल (North-East Cell)

➢ *नोडल अधिकारी* - मिशेल ब्रह्मा

यह प्रकोष्ठ उत्तरपूर्व छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरे समय कार्यरत रहा है।

## समान अवसर प्रकोष्ठ इकाई -एनाब्लिंग यूनिट (Enabling Unit)

महाविद्यालय में दिव्यांग छात्रों के कल्याण के लिए वर्ष 2010 से 'समान अवसर प्रकोष्ठ इकाई'(एनाब्लिंग यूनिट) शुरू की गई थी। ***एनबलिंग यूनिट के सदस्य:***

- डॉ.पिंटू कुमार (समन्वयक)
- डॉ.पुष्कर सिंह (सदस्य)
- प्राध्यापक दीपक गुप्ता (सदस्य)
- अप्रैल 2022 में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए सहायता पहुचानें हेतु इस इकाई को विस्तार प्रदान किया गया। डॉ. पिंटू कुमार (समन्वयक) और श्री दीपक कुमार गुप्ता (सह-समन्वयक) ने इसका कार्यभार संभाला।

इस सत्र में एनाब्लिंग यूनिट ने छात्रों के लिए कॉलेज में अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम किए:-

- 12 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को लैपटाप एवं रिकॉर्डिंग डिवाइस का वितरण किया गया।
- 'Help The Blind Foundation' के साथ सहयोग रखते हुए अपने छात्रों के लिए कई सेवाएँ मुहैया करवायीं। Help The Blind Foundation दृष्टिबाधित छात्रों के लिए विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रदान करने और नौकरी पाने में मदद करती है। जिसके तहत Foundation ने हमारे विश्वविद्यालय को एक लाख रुपए की धनराशि दान दी। जिससे 10 दृष्टिबाधित छात्रों को लाभ मिला।
- समय-समय पर परीक्षा फॉर्म भरने, परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं में दिव्यांग छात्रों की भी मदद करी गई।

## मंज़िल: सहायता एवं परामर्श सभा(Manzil)

- **मंज़िल** महाविद्यालय की नव-स्थापित सहायता और परामर्श सोसाइटी है। दिनांक 25 अप्रैल 2022 को मंजिल ने एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय रहा -"यह सदन मानता है कि कोई भी युद्ध नहीं जीतता"।

***मंज़िल के सदस्य:-***

- प्रेम कुमार (समन्वयक)
- डॉ. पिंटू कुमार (सह-समन्वयक)

***मंज़िल के छात्र पदाधिकारी :-***

- हेमंत सिंह (अध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- कार्तिक ( सह-अध्यक्ष - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- चंद्रिका (सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, तृतीय वर्ष)
- श्वेता (संयुक्त सचिव - बी .ए . प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष)

# विद्यार्थियों की उपलब्धियां

इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बिभिन्न इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रोग्राम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उनकी कुछ उपलब्धियां इस प्रकार रही:

**खेल-कूद:**

- फ़रवरी 2022 में **विपिन यादव** (बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष) ने Jawaharlal Nehru Stadium में संपन्न *Open Delhi State Athletic Championship, Discus Throw प्रतियोगिता* में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
  - मई 2022 मे **विपिन** ने *Delhi State Championship प्रतियोगिता* में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- मई 2022 मे **अभय बिष्ट** (प्रथम वर्ष) ने रांची, झारखंड में संपन्न पहले *Under 20 (Junior) National Open Ranking* कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया।
  - सितमबर 2021 में **अभय** ने अमेठी, उत्तर प्रदेश में आयोजित *Under-23 (Senior पुरुष FS, GR और महिला) राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता* में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया था।
- **शुभम कुमार** (बी. ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) ने बिहार ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा दिसम्बर 2021 मे आयोजित *प्रथम प्रदेश ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 58 किलोग्राम, सीनियर पुरूष वर्ग* में पहला स्थान हासिल किया।
- दिसम्बर 2021 मे **अविनाश कुमार** (बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) ने बेगूसराय, बिहार में संपन्न *30 सेकंड BTA बिहार स्टेट Kyorugi एवं 5वा BTA बिहार स्टेट Poomsae ताइक्वांडो प्रतियोगिता* में द्वितीय स्थान हासिल किया।
- मई 2022 मे मोतीलाल नेहरू (सांध्य) महाविद्यालय की पुरुष बास्केटबॉल टीम ने महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित *महाराजा अग्रसेन कप 2022 प्रतियोगिता* में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- मोतीलाल नेहरू (सांध्य) महाविद्यालय के पुरुष कबड्डी टीम ने गलगोटिया विश्वविद्यालय में हुए *Indian Colleges Sports League 2022* प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया।
- महाविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने भगत सिंह महाविद्यालय (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल समारोह के Semifinal में प्रवेश किया।

**अन्य उपलब्धियाँ:**

- **कार्तिक दुबे** (ऑनर्स छात्र, तृतीय वर्ष) ने विशेष रूप से शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों से राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रिय सर्टिफिकेट कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं।
  - इसके साथ ही **कार्तिक** ने अन्य प्रतियोगिताओं, जैसे वाद–विवाद, कविता पाठ और सृजनात्मक लेखन आदि में भी पुरस्कार प्राप्त किए।
- **तृप्ति** (ऑनर्स छात्रा, द्वितीय वर्ष) ने 'Macquarie Group Foundation' द्वारा आयोजित 2022 ‘Community Internship Programme’ को पूरा किया।
- **काजल कुशवाहा** (ऑनर्स छात्रा, तृतीय वर्ष) को 'Teach for India Fellowship, 2022’ से सम्मानित किया गया।
- **नर्गिस शबनम** (ऑनर्स छात्रा, द्वितीय वर्ष) को मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय के गाँधी स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान मिला।
  - **नर्गिस** को जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय के ‘आवाज : द डिबेटिंग सोसाइटी’ द्वारा नवम्बर 2021 में आयोजित डिबेट कम्पटीशन में विशेष रूप (स्पेशल मेंशन) से चिह्नित किया गया।
- **स्तुति साहनी** (ऑनर्स छात्रा, तृतीय वर्ष) को शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ़ एप्लाइड साइंसेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2021 को आयोजित ‘कॉलेजिएट ग्रुप डिस्कशन कम्पटीशन’ में प्रथम स्थान मिला।
  - **स्तुति** को IMS गाज़ियाबाद द्वारा दिनांक 29 जनवरी 2022 को आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला।
- **प्रिंस** और **आशुतोष** की टीम (ऑनर्स छात्र, तृतीय वर्ष) को दिनांक 22 अप्रैल 2022 को आर्यभट्ट महाविद्यालय, डी.यू.के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेज क्विज कम्पटीशन के वार्षिक उत्सव ‘Parisotsava’ में प्रथम स्थान मिला।
- **अभिजित** एवं **शिवम** की टीम (ऑनर्स छात्र, तृतीय वर्ष) ने दिनांक 22 अप्रैल 2022 को आर्यभट्ट महाविद्यालय, डी.यू.के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इंटर-कॉलेज क्विज कम्पटीशन के वार्षिक उत्सव ‘Parisotsava’ में तृतीय स्थान मिला।
- **पीयूष मुतरेजा** (ऑनर्स छात्र, तृतीय वर्ष) ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा दिनांक 16 जुलाई 2022 को आयोजित OGSU National Youth Parliament 2022 में फाइनलिस्ट रहे।
- **सिद्धांत** (बी.ए.प्रोगम छात्र, द्वितीय वर्ष) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा सोशल मीडिया मेनेजर के रूप में दिनांक 24 जून, 2022 से अगस्त 2022 के अंत तक पूर्णकालिक इंटर्नशिप प्रदान की गई।

## वार्षिक परीक्षा-परिणाम

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय (सांध्य) के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के परिणाम का विवरण इस प्रकार है:-

| RESULT OF FIRST YEAR STUDENTS | | |
|---|---|---|
| **Name of the Course** | **Number of Students who passed/ Number of students who appeared for Exams** | **Pass Percentage of Students** |
| **B.COM HONS** | **47/47** | **100 %** |
| **ENGLISH HONS** | **20/20** | **100 %** |
| **HINDI HONS** | **33/33** | **100%** |
| **HISTORY HONS** | **46/47** | **97.9%** |
| **POLITICAL SCIENCE HONS** | **62/62** | **100 %** |
| **B.A PROGRAMME** | **540/542** | **99.6%** |
| **B. COM** | **90/90** | **100 %** |

| RESULT OF SECOND YEAR STUDENTS | | |
|---|---|---|
| **Name of the Course** | **Number of Students who passed/ Number of students who appeared for Exams** | **Pass Percentage of Students** |
| **B.COM HONS** | **63/63** | **100 %** |
| **ENGLISH HONS** | **25/25** | **100 %** |
| **HINDI HONS** | **41/41** | **100%** |
| **HISTORY HONS** | **58/59** | **98.3%** |
| **POLITICAL SCIENCE HONORS** | **49/49** | **100 %** |
| **B.A PROGRAMME** | **418/420** | **99.5%** |
| **B. COM** | **102/106** | **96.2 %** |

| RESULT OF THIRD YEAR STUDENTS | | |
|---|---|---|
| Name of the Course | Number of Students who passed/ Number of students who appeared for Exams | Pass Percentage of Students |
| B.COM HONS | 64/65 | 98.5% |
| ENGLISH HONS | 33/33 | 100 % |
| HINDI HONS | 41/46 | 89% |
| HISTORY HONS | 40/44 | 91% |
| POLITICAL SCIENCE HONORS | 49/49 | 100 % |
| B.A PROGRAMME | 332/355 | 93.5% |
| B. COM | 158/165 | 95.8 % |

**-वार्षिक-विवरण समाप्त-**

# प्रकाशन समिति



- प्रो.विचित्रा (कार्यवाहक प्राचार्या)
- डॉ.हंसराज (संयोजक, इतिहास विभाग)
- डॉ.ज्योति जाखर दहिया (संयोजक, अंग्रेजी विभाग)
- इष्टा वोहरा(राजनीति-विज्ञान विभाग)
- देबाशीष पराशर (अंग्रेजी विभाग)
- मिशैल ब्रह्मा (अंग्रेजी विभाग)
- डॉ.अर्चना रानी (हिंदी विभाग)
- हिदाम पिटर (हिंदी विभाग)
- प्रियंका चौधरी (हिंदी विभाग)
- ज़रका आदम (अंग्रेजी विभाग)


मोतीलाल नेहरू

